IRTSA N.E.Rly represented to Member (RS) on main issues of the Category

Office bearers of IRTSA/N.E.Rly met Mr Ravindra Gupta, Member(Rolling Stock) during his visit to Gorakpur on 6th July 2017. Group of office bearers headed by Zonal President Sh.R.B.Singh and Zonal Secretary Sh.Ramesh Kumar Pandey welcomed him and handover memorandums on three important issues. Er.Sanjai Nath Dubey briefed on the problem of pay scales of JE and SSE. Er.Ramesh Kumar Pandey, Zonal Secretary explained about the recognization of IRTSA, particularly in the new scenario of supervisors not allowed to be office bearers of recognized unions and to have proper negotiating body for Supervisors. Er.A.P.Sharma briefed about the justifications of Group-B to SSE,CDMS,CMS and Sr.Engineer/IT. IRTSA N.E.Rly office bearers including Arun Tripathi, Dinesh Maurya, Rupesh Sinha, Durgesh Mishra, Nasim Ahmad Khan, Pankaj Singh and Vinay Srivastava were present.

रेलवे इंजीनियर्स ने रेलवे बोर्ड सदस्य को सौंपा ज्ञापन

गोरखपुर (एसएनबी)। इंडियन रेलवे टेक्निकल सुपरवाइजर्स एसोसिएशन के बैनर तले जोनल अध्यक्ष आरबी सिंह एवं जोनल सचिव रमेश कुमार पांडेय के नेतृत्व में रेलवे के इंजीनियर्स के प्रतिनिधि मंडल ने बृहस्पतिवार को यांत्रिक कारखाने का निरीक्षण करने आए रेलवे बोर्ड के सदस्य रोलिंग स्टाक रवींद्र गुप्ता को विभिन्न समस्याओं से सम्बंधित तीन ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निराकरण की मांग की। सदस्य रेलवे बोर्ड को सौंपे गए पहले ज्ञापन की चर्चा करते हुए यांत्रिक कारखाना के सचिव संजय नाथ दूबे ने जेई एवं एसएसई के वेतनमान के बारे में अनियमितता की जानकारी दी। दूसरे ज्ञापन में संगठन आईआरटीएसए को मान्यता देने के बारे में चर्चा करते हुए जोनल सचिव रमेश कुमार पांडेय ने बताया कि विभिन्न संस्तुतियों के बाद भी आज तक रेलवे के इंजीनियरों को मान्यता नहीं प्रदान की गई और रेलवे के ट्रेड यूनियनों में इंजीनियरों के पद ग्रहण करने पर रोक भी लगा दी गई। यह रेल इंजीनियरों के संवैधानिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने संगठन को मान्यता प्रदान करने की मांग की। तीसरे ज्ञापन में एपी शर्मा ने एसएसई, सीडीएमएस, सीएमएस एवं सीनियर इंजीनियर आईटी को ग्रुप बी का दर्जा देने के औचित्य के बारे में बताया। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधि मंडल में दिनेश मौर्य, अरुण त्रिपाठी आदि शामिल रहे।

रेलवे बोर्ड के सदस्य से मिले कर्मचारी संगठन

गोरखपुर : दो दिवसीय दौरे पर आए रेलवे बोर्ड के सदस्य (रोलिंग स्टाक) रविंद्र गुप्ता से गुरुवार को पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संगठनों का प्रतिनिधि मंडल मिला। इस दौरान उन्होंने सदस्य का स्वागत किया और अपनी समस्याएं गिनाई। साथ ही समस्याओं के निराकरण की गुहार भी लगाई। सदस्य ने समाधान का आश्वासन दिया।

इंडियन रेलवे टेक्निकल सुपरवाइजर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष आरबी सिंह और जोनल सचिव रमेश पांडेय के नेतृत्व में रेलवे बोर्ड के सदस्य से मिला। एनई रेलवे मजदूर यूनियन (नरमू) का प्रतिनिधि मंडल संयुक्त महामंत्री प्रदीप कुमार धर दुबे के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने कर्मचारियों के लिए पीने के पानी, रेलवे चिकित्सालय में डाक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की कमी को दूर करने, कारखाने के मुख्य द्वार का सुंदरीकरण करने, कोचों की मरम्मत में लगने वाले सामान की आपूर्ति करने, रेलवे आवासों की मरम्मत करने की मांग की। हरिश्चंद्र यादव, अशोक धर दुबे, शिवानंद, मनोज सिंह, मिथिलेश गिरि, विनोद सिंह, नुरुल हुसैन, मुकेश मल्ल, रामनरायण यादव, संजय पांडेय आदि शामिल रहे। पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ के मंडल मंत्री सुरेंद्र कुमार यादव और सहायक महामंत्री बजरंगी दुबे ने सात सूत्री ज्ञापन सौंपा।